

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### आज उत्तराखंड के दौरे पर राहुल गांधी, करेंगे वर्चुअल संवाद

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर में रहेंगे। वह सुबह पंतनगर में उतरेंगे और फिर किच्छा पहुंचकर किसानों के साथ संवाद करेंगे। यहां से वह दोबारा पंतनगर एयरपोर्ट जाएंगे और जौलीग्रांट एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरेंगे। इसके बाद हरिद्वार में राहुल गांधी वर्चुअल चुनावी रैली को संबोधित करेंगे और हरकी पैड़ी पर पूजा–अर्चना भी करेंगे। राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर पुलिस–प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद की गई है। पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पहुंचकर जायजा लिया।

### कैंसर जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर संदेश देते हुये कहा कि इस समय पूरे विश्व में कैंसर प्रभाव बढ़ता हुआ दिखायी दे रहा है ऐसे में कैंसर मुक्त दुनिया की ओर बढ़ने के लिये हम सभी को प्रकृतिमय जीवन पद्धति अपनाना होगा। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि कैंसर एक वृहद और व्यापक शब्द है। जब भी कभी कोई कैंसर का नाम सुनता है तो डर जाता है। भयभीत हो जाता है।

### जमीन कब्जाने का प्रयास

**संवाददाता** देहरादून। गुरु रोड़ निवासी सुधांशु अग्रवाल की अजबपुर कला स्थित जमीन पर दो लोगों पर अवैध कब्जे का प्रयास करने का आरोप लगा है। आरोप है कि आरोपितों ने इस सम्पत्ति के किनारे बनाई गई बाऊण्ड्री तोड डाली है। विरोध करने पर आरोपितों ने पीड़ित को धमकी दी है। सुधांशु अग्रवाल निवासी गुरु रोड ने पुलिस को बताया कि अजबपुर कला में उनका प्लॉट है। इसके किनारे उन्होंने बाऊण्ड्री की हुई है। आज उन्हें पता चला कि कोई उनके प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है और प्लॉट पर की गई बाऊण्ड्री तोड़ डाली है।

### कू ऐप ने जीता नैसकॉम का लीग ऑफ 10– एमर्ज 50 इनाम

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अपने बहुभाषी माइक्रो–ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप ने वर्ष 2021 के लिए नैसकॉम का प्रतिष्ठित लीग ऑफ 10– एमर्ज 50 पुरस्कार जीता है। जहां नैसकॉम का एमर्ज 50 भारत के 50 महत्वपूर्ण बदलाव लाने वाले सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट की कंपनियों की अद्भुत सोच का जश्न मनाता है, वहीं अति प्रतिष्ठित लीग ऑफ 10 उन बेहतरीन ब्रांडों की क्षमता का ऐलान करता है जो ना केवल नए आयाम स्थापित कर रहे हैं बल्कि डिजिटल जीवन को नया आकार दे रहे हैं।

# चुनाव प्रचार में अब मौसम भी ले रहा नेताओं की परीक्षा

**समस्या**

■ उत्तराखंड में बर्फबारी ने रोका चुनाव प्रचार, पहाड़ में फंसे नेताजी के वाहन

■ कार्यकर्ता और नेताजी मौसम ठीक होने का कर रहे इंतजार

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में चुनाव प्रचार में अभी तक कोरोना ने ही कई अड़चनें पैदा की थीं और अब मौसम भी इनकी परीक्षा ले रहा है। पिछले कई दिनों से बर्फबारी व बारिश से चुनाव प्रचार में काफी समस्या आ रही है। भारी हिमपात में प्रचार वाहन कई जगह फंस गए हैं। अब कार्यकर्ता और नेताजी मौसम ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं।

कुमाऊं में बर्फबारी ने चुनाव का शोर भी कम कर दिया है। पिथौरागढ़, बागेश्वर व अल्मोड़ा के जागेश्वर, सल्ट, रानीखेत, द्वाराहाट क्षेत्र में सबसे अधिक बर्फबारी हुई है। बीते गुरुवार को इन क्षेत्रों में विभिन्न दलों के कार्यकर्ता व खुद नेताजी प्रचार पर निकले हुए थे। लेकिन वह शाम को अपने घरों तक नहीं



पहुंच पाए। बर्फबारी इतनी हो गई जो जहां था वहीं फंसा रह गया। जिसके बाद कार्यकर्ताओं व नेताजी ने आस–पास के घरों पर ही शरण ली। चुनाव प्रचार को शीतलहर ने पूरी तरह रोक दिया है।

वहीं चुनाव प्रचार के वाहनों का भी शोर नहीं सुनाई दे रहा है। मुख्यालय में भी अत्यधिक ठंड के कारण नेताजी दूरदराज के क्षेत्रों की बजाय आस–पास के इलाकों में ही लोगों से मिलने गए। ठंड के कारण लोग भी घरों पर ही मिले। राष्ट्रीय दलों ने अपने प्रस्तावित कार्यक्रम भी मौसम के कारण टाल दिए हैं। शुक्रवार को उम्मीद थी की मौसम खुलेगा और जनजीवन सामान्य होगा। लेकिन बारिश और बर्फबारी का दौर जारी रहा। अब मौसम खुलने के बाद ही गतिविधियां सामान्य होने की उम्मीद है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे ने बताया कि धौलादेवी क्षेत्र में बीते गुरुवार को प्रचार के लिए गया था हुआ लेकिन बर्फबारी की वजह से अभी तक फंसा हुआ है। हालात सामान्य होते ही मुख्यालय लौटूंगा।

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष रवि रौतेला का कहना है कि बर्फबारी वाले क्षेत्रों में प्रचार नहीं हो पाया। कैबिनेट मंत्री भी बर्फबारी में फंसी हुई हैं। जिस कारण आज मुख्यालय में पत्रकार वार्ता भी स्थगित करनी पड़ी।

### सात फरवरी से खुलेंगी एक से नौवीं तक की कक्षाएं

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के सभी विद्यालयों में सात फरवरी से एक से नौवीं तक की कक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। अभी तक इन कक्षाओं के लिए आनलाइन पढ़ाई जारी थी। मुख्य सचिव डा एसएस संधू ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कक्षाएं पहले ही शुरू कर दी गई थीं। प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्कूलों में आनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी गई थी। इसके बाद 31 जनवरी से 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आफलाइन क्लासेज शुरू कर दी गई थीं। हालांकि, राजकीय और अशासकीय विद्यालयों पहले दिन दसवीं और 12वीं की कक्षाओं में करीब 47 प्रतिशत, जबकि निजी स्कूलों में 30 से 35 प्रतिशत छात्र ही स्कूल पहुंचे। निजी स्कूलों ने अपने विद्यार्थियों को आनलाइन कक्षाओं का विकल्प भी दिया है। अपर परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा व मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून डा. मुकुल सती ने बताया कि सभी स्कूलों में कोरोना गाइडलाइन का पूरी तरह पालन किया गया।

# भगवान राम पहले भी थे और आज भी हैं

**निशाना**

■ दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर साधा निशाना

**संवाददाता**

देहरादून। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह उत्तराखंड के दौरे पर हैं। उन्होंने यहां भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। साथ ही कहा कि उत्तराखंड की जनता को सोच समझकर वोट देना होगा। 57 सीटें जीतकर भी भाजपा उत्तराखंड में विकास के नाम पर तीन–तीन मुख्यमंत्री थोपने को विकास बता रही है।

भगवान राम को लेकर उन्होंने कहा कि राम पहले भी थे और




आज भी हैं। पर, भाजपा नेता यह सिद्ध करने पर तुले हैं कि राम 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद ही प्रकट हुए।

दिग्विजय सिंह कांग्रेस भवन में पत्रकारवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कि भाजपा सरकार ने लोकसभा में जिस मनरेगा को कांग्रेस सरकार की नाकामी का सबसे बड़ा उदाहरण करार दिया। आज उसी मनरेगा का सहारा लेकर मोदी सरकार ने कोरोना काल में ग्रामीण आबादी की रोजगार से जोड़ा।

दिग्विजय सिंह ने उत्तराखंड कांग्रेस की घोषणा पत्र बनाने को लेकर तारीफ की और कहा कि कहा चार धाम चार काम और उत्तराखंड स्वाभिमान भाजपा के झूठे वादों पर भारी पड़ेंगे। उन्होंने बेरोजगारी, मंहगाई, पैगसेस जैसे मामलों पर केंद सरकार को घेरा। कहा मोदी सरकार ने पिछले सात सालों में पेट्रोल व डीजल से ही 24 लाख करोड़ रुपये कमाए। यह रकम कहां खर्च हो रही है, इसका हिसाब देने को भाजपा सरकार तैयार नहीं है।

### आम आदमी पार्टी तीसरा विकल्प बनकर उभर रहीः आनंद

**संवाददाता** देहरादून।' भारी बारिश के बीच आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह में कोई कमी नहीं थी कैंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रेम नगर में पार्टी का चुनाव कार्यालय खोला गया। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के देहरादून कैंट प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद ने कार्यालय का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस बार का चुनाव कैंट विधानसभा में बीजेपी और आम आदमी पार्टी का चुनाव है और आम आदमी पार्टी तीसरा विकल्प बनकर उभर रही है। रविंदर आनंद ने कहा कि कैंट विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा एवं कांग्रेस दोनों की पार्टियों के कुशासन को देख चुकी है और अब मन बना चुकी है बदलाव का इसलिए उनके पास 2022 में आम आदमी पार्टी एक मजबूत विकल्प है। वही पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर अब जनता ने आम आदमी पार्टी को मौका देने की ठान ली है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।